# कट्ठीवाड़ा पुलिस ने किया आरोपियों को गिरफ्तार




कट्ठीवाड़ा, निप्र। 13 अप्रैल को मिली शिकायत के बाद कट्ठीवाड़ा पुलिस ने गुरुवार को आरोपियों को पकड़ न्यायालय में पेश किया है। घटना के दौरान उपयोग किए हथियार भी पुलिस ने आरोपियों से जब्त किए हैं।

13 अप्रैल को फरियादी मेहताब पिता अदेसिंह सापलिया भीलाला (27) निवासी कुहा ने एक रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। उसी बात को लेकर मामला बढ़ा और मारपीट, धमकी की बात सामने आई, जिससे कि कुछ घायल भी हुए। थाना प्रभारी कट्ठीवाड़ा सरदार सिंह सोलंकी ने बताया कि इस प्रकरण के दौरान घायल मजरूह कुँवरसिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई। प्रकरण के बाद कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने अपराध स्वीकार लिया। 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है और उनसे घटना में उपयोग किये गये हथियार फालिया, लठ जप्त, बंदूक जब्त की गई है।

# जीसीसीआई की भोपाल में बैठक संपन्न, गौ आधारित मॉडल को मिलेगा विस्तार



झाबुआ। ग्लोबल कन्फेडरेशन ऑफ काउ-बेस्ड इंडस्ट्रीज (जीसीसीआई) मप्र की प्रादेशिक बैठक भोपाल स्थित एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में संपन्न हुई। बैठक में गौ-टेक 2025 जयपुर के लिए प्रदेश से बड़ी भागीदारी सुनिश्चित करने, जिला-तहसील स्तर पर संगठन विस्तार और गौ आधारित मॉडल को बढ़ावा देने हेतु रणनीति तैयार की गई।

मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं जीसीसीआई राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. वल्लभभाई कथीरिया ने कहा कि गौ आधारित उद्योग भारत को आत्मनिर्भर बना सकते हैं। जीसीसीआई द्वारा 30 एवं 31 मई और 1 एवं 2 जून को जयपुर में आयोजित गौ-टेक 2025 सिर्फएक आयोजन नहीं, बल्कि गौ क्रांति का महायज्ञ है।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष जीसीसीआई मप्र दिलीप धनराज गुप्ता ने कहा कि जीसीसीआई का उद्देश्य हर जिले और तहसील स्तर तक संगठन का विस्तार कर प्रदेश के युवाओं और किसानों को गौ आधारित स्टार्टअप से जोड़ना है। हमारा लक्ष्य है 'गांव-गौ-गौरव' को फिर से स्थापित करना। प्रदेश संरक्षक जीसीसीआई स्वामी कृष्णानंदजी महाराज ने कहा कि गौ सेवा केवल धार्मिक कार्य नहीं, यह आध्यात्मिक, सामाजिक और वैज्ञानिक समाधान है। हमें भारत की सनातन परंपरा को विज्ञान और तकनीक के साथ जोड़ना होगा। राष्ट्रीय गौ-सेवा संघ मप्र अध्यक्ष पवन दुबे ने कहा कि प्रदेश में गौ संवर्धन को जन-आंदोलन बनाना है।

**इन्होंने भी रखे विचार**-बैठक में डॉ. योगेन्द्रकुमार सक्सेना (वैज्ञानिक, सेंट्रल पॉल्यूशन बोर्ड), जिन्होंने गौ-काष्ठ आंदोलन की शुरुआत की, ने बताया कि इस प्रयास से अब तक 5.10 लाख क्विंटल लकड़ी और 3400 एकड़ वन क्षेत्र को बचाया जा सका है। गौ-काष्ठ का उपयोग अब शवदाह, होलिका दहन, होटल तंदूर और औद्योगिक बॉयलरों में लकड़ी के विकल्प के रूप में हो रहा है। जीसीसीआई के प्रदेश मीडिया संयोजक भागीरथ तिवारी, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी सचिव डॉ. अनुपम चौकसे एवं कुलपति श्री नरेंद्र थापक ने बैठक में पधारे राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. वल्लभ ााई कथीरिया का पौधा भेंट कर सम्मान किया।

**गौ-सेवा संगठन के पदाधिकारियों ने की सहभागिता** - प्रादेशिक बैठक में मुख्य रूप से जवाहरलाल गुप्ता, शैलेश पालीवाल (इंदौर), सुमनलता ताम्रकर, अजय नरेलिया (शाजापुर), गंभीरसिंह राजपूत (नर्मदापुरम), राजेश चौहान (झाबुआ), राम रघुवंशी (अशोकनगर), राजवीरसिंह (मुरैना), मनोज प्रताप सिंह (सतना), ईश्वर अंबोदिया (उज्जैन), भगवानसिंह सिंगोरिया (रायसेन), शिशिर विश्वकर्मा (छिंदवाड़ा), भागीरथ तिवारी (नरसिंहपुर), एएल द्विवेदी (भोपाल), हुकुमसिंह पाटीदार (नीलबड़), दीपाली उपाध्याय, अजय सोनी (भोपाल) सहित प्रदेशभर से गौसेवा संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। बैठक का संचालन शैलेंद्र तेनगरिया ने किया एवं आभार पवन दुबे ने माना।

# नवीन पेयजल योजना बनी पेटलावद वासियों के लिए परेशानी का सबब

## नवीन योजना में पाइप डले, नल लगे किंतु नलों में पानी नहीं आ रहा है

पेटलावद। पेटलावद नगर में नवीन पेयजल योजना के ठेकेदार के द्वारा कृत्रिम पेयजल समस्या पैदा की जा रही है। नगर में गर्मी के दिनों में लोग तो प्याउ लगाकर पेयजल वितरण करते है पर ठेकेदार के द्वारा नगरवासीयों को पानी के लिए तरसाया जा रहा है। जिस कारण से उन्हें प्रतिदिन पानी खरीदना पड रहा है। जिसकी शिकायत उच्च स्तर तक करने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है।





### नल है पर पानी नहीं ये कैसा पेयजल वितरण।

नगर की नवीन पेयजल योजना मूर्त रूप लेने से पूर्व ही नगरवासियों के लिए परेशानी का सबब बन चुकी है। योजना के प्रारंभ से ही नगर वासियों ने परेशानी का सामना किया है। लगभग 3 वर्ष तक पूरा नगर खोद कर नगरवासियों को परेशान किया गया तो अब योजना पूर्ण होने की स्थिति में है किंतु नलों में पानी नहीं आ रहा है। पूरे नगर में पाइप लाइन डाली गई किंतु आज भी नगरवासी पानी के लिए परेशान हो रहे है। नगर के कई वार्डो में तो आज तक पानी नहीं पहुंचा है। वार्ड क्र.13 के रहवासीयों का कहना है कि नल की टाइमिंग गलत है। और वार्ड क्र.14 में तो वर्ष 2022 से अभी तक नलों में पानी ही नहीं आया।

नल जल योजना के ठेकेदार के द्वारा वर्ष 2022 से योजना चालू बताई जा रही है पर नगर के कई क्षेत्रों में पानी ही नहीं आ रहा है। वार्ड क्र.14 के रंगरेज गली में स्थिति यह है कि वहां की वार्ड पार्षद हंसा शिवा राठौड स्वयं शिकायत कर रही है। उन्होंने 181 पर भी शिकायत कर रखी है किंतु कोई सुनने को तैयार नहीं है। नगर परिषद की मिटिंग में भी समस्या उठाई पर नगर परिषद के हाथ में कुछ नहीं होने से वे कोई कार्यवाही नहीं कर पा रहे है।

### 17 करोड की नल जल योजना की बदहाल स्थिति।

इसके साथ ही नदी क्षेत्र में पुल पर डाले गई पाइप लाइन के पाईप भी नदी में बह गये उनकी सुरक्षा की दिशा ठेकेदार के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया।

इस योजना के तहत 10 वर्ष का मेंटेंनेंस ठेकेदार का रहेगा। योजना की लागत 17 करोड रूपये है।

### नगरवासी पानी खरीद रहे

नागरिकों को अपना पैसा खर्च कर स्वयं ही पानी खरीदना पड रहा है। टेंकर वालों से पानी खरीद कर आमजन पानी की पूर्ती कर रहे है। नागरिकों का कहना है कि हमें प्रतिदिन 200 रूपये तक का पानी खरीदना पड रहा है। पर समस्या सुनने वाला कोई नहीं है।

वार्ड क्र.14 के रहवासी रेजमल गोरी ने बताया की हम बेरल घर के बाहर रख कर 200 रूपये का पानी भरवाते है। नवीन पाईप लाइन में आज तक पानी नहीं आया।

वार्ड क्र.14 के रहवासी राहुल राठौड का कहना है कि नलों में पानी ही नहीं आ रहा है। केवल कागजों पर योजना पूर्ण कर ली गई है। वास्तवीकता देखना हो तो वार्ड क्र.14 में देख सकते है।

वार्ड क्र.13 के रहवासी रवि पंवार का कहना है कि दोपहर में 3.30 बजे नल आते है। और वह भी केवल 20 मिनिट के लिए आता है। जिसमें पूर्ती नहीं होती है। हमारी मांग है नल का समय बदल कर 40 मिनिट के लिए नल दिये जाये।

नल जल योजना व्यवस्था देख रहे संदीप कुमार सिंह का कहना है कि 122 कनेक्शन नहीं चल रहे है। वहीं वार्ड क्र.14 में जुगाड से पानी भेजा जा रहा है।

# भाजयुमो ने नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस द्वारा देश को गुमराह किए जाने के विरोध में सोनिया एवं राहुल का जलाया पुतला की जमकर नारेबाजी

झाबुआ। भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या एवं प्रदेश अध्यक्ष वैभवसिंह पंवार के निर्देशानुसार युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुलदीपसिंह चौहान के नेतृत्व मे जिला इकाई द्वारा नेशनल हेराल्ड मामले मे कांग्रेस द्वारा लगातार देश को गुमराह किए जाने विरोध में कांग्रेस हाईकमान सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। इस दौरान जमकर नारेबाजी भी की गई।



जानकारी देते हुए भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी दौलत गोलानी ने बताया कि युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारी-सदस्य बस स्टैंड स्थित फव्वारा चौक पर एकत्रित हुए। यहां कांग्रेस पार्टी एवं सोनिया गांधी, राहुल गांधी हाय-हाय के नारों के साथ उनका पुतला दहन किया। इस अवसर पर युवा मोर्चा जिला प्रभारी अजय पोरवाल ने बताया कि नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस लगातार देश की जनता को गुमराह कर रहीं है। भ्राम्रक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिसका भाजपा के साथ युवा मोर्चा विरोध प्रकट करता है।

### यह रहे उपस्थित

पुतला दहन अवसर पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपेश बबलू सकलेचा, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष थावरिया अमलियार, जिला कार्यालय मंत्री मजेसिंह मकोड़िया, झाबुआ नगर अध्यक्ष शक्तिसिंह देवड़ा, मंडल महामंत्री अर्पित मचार, भाजपा मंडल मंत्री रवि थापा, उपाध्यक्ष प्रकाश, बोरी मंडल महामंत्री विवेक अजनार, हाजी लालाभाई, ईमरान ख़ान, शंकर अमलियार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पश्चिम बंगाल की घटना को लेकर सर्व हिन्दू समाज एवं सर्व संगठनों द्वारा राजवाड़ा से निकाली जाएगी रैली कलेक्टोरेट में प्रशासन को सौंपा जाएगा ज्ञापन



झाबुआ। देश के पश्चिम बंगाल राज्य में हिंदू मंदिरों को तोड़े जाने एवं हिंदूओं की हो रही बर्बरतापूर्ण हत्या तथा महिलाओं के साथ बलात्कार जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने की मांग को लेकर सर्व हिंदू समाज एवं सर्व संगठनों द्वारा 19 अप्रेल, शनिवार को जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। दोपहर 11 बजे राजवाड़ा पर एकत्रित होकर यहां से रैली निकाली जाएगी। पश्चात् कलेक्टोरेट पहुंचकर जिला प्रशासन को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन में हिन्दू समाजजनों एवं सभी संगठनों के पदाधिकारी-सदस्यों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित रहने हेतु अपील की गई है।

# जरूरतमंदों की मद्द के साथ स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में किया जाएगा कार्य- प्रमोद भंडारी

## जैन सोश्यल ग्रुप झाबुआ का वर्ष 2025-27 का शपथ विधि समारोह हुआ संपन्न

झाबुआ। जैन सोशल ग्रुप झाबुआ का शपथ विधि समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि एवं शपथ प्रदाता संस्था के चेयरमेन अहिल्या रिजन (2025-27) निलेश वेद थे। अहिल्या रिजन से पधारे अतिथियों द्वारा सभी नवीन पदाधिकारी-सदस्यों को शपथ दिलवाई गई।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम केशव ग्रुप के बच्चों द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। बाद बालिका दर्शनी नायडू ने शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। समारोह के प्रारंभ में मुख्य अतिथि एवं शपथ प्रदाता निलेश वेद एवं इंदौर रीजन से पधारे सभी अतिथियों ने भगवान महावीर स्वामीजी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया। बाद श्री नमस्कार महामंत्र का गायन ग्रुप की महिला सदस्यों द्वारा किया गया।

नवकार महामंत्र पश्चात् मंचासीन सभी अतिथियों में वाईस चेयरमेन सचिन आंचलिया, रीजन सचिव श्रीमती कविता संचेती, पूर्व एमपी रीजन चेयरमेन गौरव मेहता, जोन कोर्डिनेटर भरत बाबेल, सुनिता बाबेल, जय भंडारी, सह-सचिव चेतन कटकानी, कल्चरल हेड श्रुति सकलेचा का ग्रुप के सभी सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। समारोह के अगले क्रम में जेएसजी के पूर्व अध्यक्ष पंकज जैन 'मोगरा' ने स्वागत उद्बोधन देते हुए उनके कार्यकाल की जानकारी दी। इंदौर से पधारे अतिथियों में इंटरनेशनल डायरेक्टर अजित लालवानी एवं अतुल झामड़ द्वारा उद्बोधन दिया गया।



**सभी को शपथ दिलवाई गई**-शपथ विधि समारोह अंतर्गत सर्वप्रथम झाबुआ की संगिनी प्राइड ग्रुप की मातृशक्तियों को शपथ ग्रहण करवाई गई। फिर कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाई गई। अगले क्रम में जेएसजी के पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष प्रदीप जैन सह-सचिव सुधीर रूनवाल एवं निलेश घोड़ावत, कोषाध्यक्ष सीरीश जैन, पीआरओ मनोज कटकानी एवं अनूप घोड़ावत, सह-कोषाध्यक्ष अमित सकलेचा को शपथ दिलाई। कार्यकारिणी सदस्यों में प्रदीप भंडारी, देवेंद्र सेठिया, महेश कोठारी, निलेश शाह, दीपक डूंगरवाल, संजय गांधी, नीता उमेश मेहता, भारती पंकज जैन, सीमा मनोज जैन, सरिता हेमेंद्र बाबेल को सम्मिलित किया गया। समारोह के दौरान नवीन सदस्यों के रूप में लोकेंद्र बाबेल, अशोक मंडोत, दीपक भंडारी, हेमेंद्र शाह, डॉ. संतोष प्रधान, मनोज जैन 'नाकोड़ा', निखिल भंडारी, कैलाश कटारिया, प्रकाशचन्द्र छाजेड़ पारा, प्रकाश तलेसरा पारा एवं हसमुखलाल शाह आदि को जोड़ा गया।

**किए जाएंगे ऐतिहासिक कार्य**-अंत में जेएसजी के वर्ष 2025-27 के नवीन अध्यक्ष प्रमोद अंजू भंडारी एवं सचिव मनोज मिनलजी बाबेल को शपथ मुख्य अतिथि इंदौर रीजन अध्यक्ष निलेश वेद ने ग्रहण करवाई। प्रथम अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रमोद भंडारी ने बताया कि वे अपने कार्यकाल के आगामी 2 वर्ष में ग्रुप के सदस्यों को देश-विदेश घूमने ले जाने के साथ स्थानीय स्तर पर आर्थिक रूप से जरूरतमंद लोगों के लिए स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उचित योगदान देंगे।

**लक्की-ड्रा का हुआ आयोजन**-कार्यक्रम में 3 लक्की ड्रा के आयोजक सुनीता भूपेन्द्र बाबेल द्वारा रखे गए, जिन्हें बीच-बीच में खोला गया। जिनके विजेता संजय गांधी, कमलेश भंडारी एवं हंसा कोठारी रहे। अंत मे बंपर लक्की ड्रा 50 ग्राम सिल्वर कॉइन नवीन अध्यक्ष प्रमोद भंडारी की ओर से रखा गया, जो कार्यक्रम का संचालन कर रही डॉ. शैलू बाबेल को प्राप्त हुआ। शपथ समारोह में शहर की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों में उमंग सक्सेना, नीरजसिंह राठौर, वैश्य संगठन इंदौर के संभाग अध्यक्ष निर्मल अग्रवाल, जिला वैश्य समाज अध्यक्ष संतोष जैन 'नाकोड़ा', प्रकाश रांका, अखिल भारतीय राजेंद्र युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश छाजेड़, रवि सिसोदिया एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में आभार नवीन सचिव मनोज बाबेल ने माना।

# कैथोलिक धर्मप्रांत झाबुआ ने भक्ति और आत्मचिंतन के साथ गुड फ्राइडे को श्रद्धापूर्वक मनाया

झाबुआ। कैथोलिक धर्मप्रांत झाबुआ ने गुड फ्राइडे को गहन श्रद्धा, प्रार्थना और आत्मिक चिंतन के साथ मनाया। पूरे धर्मप्रांत में सैकड़ों विश्वासियों ने प्रभु यीशु मसीह के दुःखभोग और क्रूस पर चढ़ाए जाने की स्मृति में एकत्र होकर इस ख्रीस्तीय पंचांग के सबसे पवित्र और गंभीर दिवस को मनाया।





धर्माध्यक्ष व पुरोहितों ने क्रूस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे आशा, प्रेम, और पाप व मृत्यु पर अंतिम विजय का प्रतीक बताया। व जानकारी देते हुए बताया कि गुड फ्राइडे उपवास और संयम का दिन माना जाता है, जो विश्वासियों को प्रभु यीशु के दुःखों में भागीदार बनने का आह्वान करता है। यह वही दिन है जब यीशु ने कलवरी पहाड़ पर क्रूस पर मरते हुए सम्पूर्ण मानवता को उद्धार प्रदान किया। वही इस अवसर पर क्रूस यात्रा का आयोजन किया गया यह 14 पड़ावों वाली एक आत्मिक यात्रा है, जहाँ प्रत्येक पड़ाव यीशु के दुःखदायी मार्ग की एक विशेष घटना को दर्शाता है। यह यात्रा प्रभु यीशु के प्रेम, धैर्य और उनके दुःखों के उद्धारक उद्देश्य की एक सशक्त याद दिलाती है। आगे जानकारी देते हुए बताया कि जिसमें धर्मप्रांत के विभिन्न गिरजाघरों में विशेष आराधनाएँ आयोजित की गईं, जिनमें पवित्र वचन का पाठ, मौन प्रार्थना, सार्वभौमिक प्रार्थना और क्रूस की उपासना सम्मिलित थीं। वही झाबुआ धर्मप्रांत ने सभी विश्वासियों को प्रोत्साहित किया कि वे इस दिन को केवल आत्मचिंतन का ही नहीं, बल्कि विश्व में शांति, क्षमा और दया के लिए प्रार्थना का भी अवसर बनाएं ये सभी वे गुण हैं जिन्हें मसीह के बलिदान ने उजागर किया। जैसे ही कलीसिया पास्का के आनंद की प्रतीक्षा कर रही है, गुड फ्राइडे हमें स्मरण कराता है कि हम प्रभु यीशु के साथ उनके दुःख में सहभागी बनें, और उनके आत्मबलिदान में शक्ति तथा उद्धार प्राप्त करें।

### बृहस्पतिवार (पवित्र गुरुवार) को गहन श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया...

राणापुर। वही विगत एक दिन पर्व झाबुआ धर्मप्रांत के अंतर्गत आने वाले सभी गिरजाघरों एवं प्रार्थना स्थलों में पवित्र बृहस्पतिवार (पवित्र गुरुवार) को गहन श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। झाबुआ धर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष पीटर खराड़ी ने राणापुर में आयोजित पवित्र मिस्सा के दौरान प्रतीकात्मक रूप से 12 लोगों के पाँव धोए। यह दृश्य वहां उपस्थित सभी विश्वासियों के लिए अत्यंत भावुक और प्रेरणादायक रहा।

धर्माध्यक्ष पीटर खराड़ी ने अपने प्रवचन में कहा कि यीशु मसीह ने हमें यह सिखाया कि सच्चा नेता वह है जो सबसे पहले सेवा करता है। हमें भी उनकी तरह विनम्र बनना है, दूसरों के प्रति प्रेम, दया और सेवा का भाव रखना है। यह दिन हमें एकजुट होकर एक-दूसरे की देखभाल करने और ईश्वर के प्रेम को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा देता है।

# राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित नेहा मीणा प्रधान मंत्री के हाथों होगी सम्मानित



राणापुर। कलेक्टर के रूप में झाबुआ में पदस्थ कलेक्टर नेहा मीणा अपनी सोच ओर कार्यशक्ति के कारण जिले में नित नए नवाचार से जिले वासियों को लाभान्वित कर रही हे। लोक शासन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सिविल सेवा दिवस 21 अप्रैल को दिल्ली के विज्ञान भवन में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों सम्मानित होगी। इससे पूर्व कलेक्टर नेहा मीणा महामहिम राष्टपति जी के हाथों भी सम्मानित हुई हे।

झाबुआ में रहते हुए कलेक्टर ने देश के दो सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति से सम्मानित होकर झाबुआ को राष्टीय स्तर पर पहचान दी हे। श्रीमती नेहा मीणा की इस उपलब्धि पर वरिष्ठ समाज सेवी नटवरलाल हरसोला, गंभीरमल राठी, दिलीप सकलेचा, सुरेश समीर, प्रकाश अग्रवाल, पवन एम अग्रवाल, राजेंद्र सियाल, रमेश सोनी, तरुण परिषद के राष्टीय सदस्य अवि सकलेचा, ईशान भंसाली, हर्षित जैन, शब्बीर हुसैन, पत्रकार साथी कमलेश नाहर, पंकज जागेटिया, मनोहर सोनी, गणेश पोरवाल, गुरु महेश जैन,अनिल जैन, ललित सालेचा, सुरेश समीर आदि ने बधाई देते हुए भावी जीवन की शुभकामना दी।